राजा महेन्द्र प्रताप सिंह राज्य विश्वविद्यालय, अलीगढ़

Email:- registrar.rmpu@gmail.com

पत्रांकः—आर0एम0पी0यू0 / 383 / 2024 दिनांकः 07 मार्च, 2024

सेवा में, **अति आवश्यक / समयबद्ध**

प्राचार्य / प्राचार्या / प्रबन्धक,
समस्त महाविद्यालय,
सम्बद्ध राजा महेन्द्र प्रताप सिंह राज्य विश्वविद्यालय,
अलीगढ़।

विषयः **महाविद्यालय में संचालित पाठ्यक्रमों की सम्बद्धता / प्रबन्ध समिति तथा अनुमोदित प्राचार्य एवं शिक्षकों का कार्यकाल समाप्त हो जाने के सम्बन्ध में।**

महोदय,

कृपया उपर्युक्त विश्वविद्यालय के पत्र दिनांकः 29 फरवरी, 2024 / 01 मार्च, 2024 का सन्दर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें, जो सभी सम्बन्धित महाविद्यालयों के लॉगिन पर अपलोड किया गया है। पत्र में अपेक्षा की गयी थी कि महाविद्यालय में संचालित पाठ्यक्रमों की सम्बद्धता तथा प्राचार्य / शिक्षकों / प्रबन्ध समिति के अनुमोदन सम्बन्धी प्रपत्र निर्धारित तिथि तक विश्वविद्यालय में उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें।

आज दिनांकः 07 मार्च, 2024 तक अधिकांश महाविद्यालयों द्वारा उपर्युक्त के सम्बन्ध में वांछित अभिलेख विश्वविद्यालय में प्रस्तुत नहीं किये है **ऐसी स्थिति में सम्बन्धित महाविद्यालय में सत्र 2024—25 में प्रवेश प्रतिबन्धित करना विश्वविद्यालय की बाध्यता होगी, साथ ही आगामी परीक्षा में परीक्षा केन्द्र बनाये जाने पर भी विचार किया जाना सम्भव नहीं होगा।**

मा0 कुलपति जी द्वारा पूर्व अंकित अंतिम तिथि को विस्तरित करते हुए **दिनांकः 13 मार्च, 2024** निर्धारित की जाती है तथा पुनः निर्देशित किया जाता है कि महाविद्यालय लागिन पर अपलोड किये गये पत्र के अनुपालन में वांछित अभिलेख निर्धारित तिथि तक हार्डकापी में प्रमाणित कर विश्वविद्यालय में प्रस्तुत करना सुनिश्चित करें।

भवदीय,

7/3/24

डॉ0(महेश कुमार)
कुलसचिव

प्रतिलिपिः— निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतुः—

1. मा0 कुलपति जी, राजा महेन्द्र प्रताप सिंह राज्य विश्वविद्यालय, अलीगढ़।
2. क्षेत्रीय उच्च शिक्षा अधिकारी, आगरा / अलीगढ़ परिक्षेत्र।
3. सम्पादक, समस्त समाचार पत्र को इस अनुरोध के साथ कि उक्त महत्वपूर्ण सूचना को अपने सम्मानित दैनिक समाचार पत्र में प्रकाशित करने का कष्ट करें।
4. प्रभारी, वेबसाइट को इस निर्देश के साथ कि समस्त सम्बद्ध महाविद्यालयों के लॉगिन आई0डी0 एवं विश्वविद्यालय वेबसाइट पर अपलोड करें।
5. गार्ड फाईल।

7.03.24

उप कुलसचिव